# सस्ती एआई से इंटेलिजेंस एरा की शुरुआत

**शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि के लिए एआई प्लेटफॉर्म लॉन्च**

**एआई से विकसित भारत विजन को रफ्तार : अंबानी**



**नई दिल्ली, 19 फरवरी. मुकेश अंबानी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में घोषणा की कि जैसे जियो ने देश में डेटा सस्ता किया, उसी तरह अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को भी किफायती दरों पर आम भारतीय तक पहुंचाया जाएगा. उन्होंने कहा कि 'भारत इंटेलिजेंस किराये पर नहीं ले सकता' और देश को इंटरनेट युग के बाद अब 'इंटेलिजेंस एरा' से जोड़ना होगा.**

रिलायंस इंड्स्ट्रीज और जियो अगले सात वर्षों में ?10 लाख करोड़ का निवेश कर मजबूत एआई इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करेंगे. जामनगर में मल्टी-गीगावॉट एआई-रेडी डेटा सेंटर पार्क विकसित किया जा रहा है, जिसकी 120 मेगावॉट क्षमता 2026 के अंत तक शुरू करने का लक्ष्य है. यह ढांचा ग्रीन एनर्जी आधारित होगा. अंबानी ने बताया कि जियो एआई भारतीय भाषाओं में काम करेगा, जिससे किसान, छात्र और छोटे व्यवसायी अपनी भाषा में तकनीक का लाभ ले सकें. शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि के लिए जियो शिक्षा एआई, जियो आरोग्य एआई और जियो कृषि जैसे प्लेटफॉर्म पेश किए गए हैं.

> एआई को 'आधुनिक अक्षय पात्र' बताते हुए अंबानी ने कहा कि यह नौकरियां खत्म नहीं करेगा, बल्कि नए अवसर पैदा करेगा. उन्होंने नरेंद्र मोदी के विज़न की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि यह पहल भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी.

## पैनासोनिक का ऐप-नियंत्रित स्विच


**नयी दिल्ली, 19 फरवरी** पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया ने गुरुवार को रोमा अर्बन स्मार्ट टच सीरीज को बाजार में पेश करने की घोषणा की जिन्हें मोबाइल ऐप से नियंत्रित किया जा सकता है.

यह अगली पीढ़ी का स्मार्ट होम आईओटी समाधान है, जिसे आधुनिक भारतीय घरों में सुविधा, सुरक्षा और बेहतर जीवनशैली प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है. यह उपयोगकर्ताओं को इलेक्ट्रिकल उपकरणों को नियंत्रित करने के तीन विकल्प देता है - मोबाइल एप्लीकेशन, वॉइस कमांड और फेदर-टच फिजिकल स्विच.

कंपनी ने बताया कि इस स्विच को आसानी से इंस्टॉल किया जा सकता है. यह नये और पुराने दोनों तरह के घरों के लिए उपयुक्त है.

# दो दशक में भारत जोड़ेगा 26 ट्रिलियन डॉलर : पीयूष


## मंत्री गोयल ने वैश्विक आर्थिक सहयोग (जीईसी) 2026 सम्मेलन को संबोधित किया



> श्री गोयल ने कहा, 'हमारे लिए मुक्त व्यापार समझौता भारत के भविष्य में साझेदारी का निर्माण है, उस यात्रा का हिस्सा बनने का अवसर है, जो देश को आज की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से 2027-28 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और अंततः 2047 तक 30-35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाले विकसित राष्ट्र में परिवर्तित करेगी.' उन्होंने स्पष्ट किया कि व्यापार वार्ताओं में किसानों की सुरक्षा, छोटे तथा मझौले उद्यमों के विकास, मछुआरों की रक्षा और देश में रोजगार को ध्यान में रखा गया है.

**मुंबई, 19 फरवरी** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि अगले दो दशक में भारत दुनिया की अर्थव्यवस्था में 26 ट्रिलियन डॉलर (26 लाख करोड़ डॉलर) और जोड़ेगा.श्री गोयल ने यहां वैश्विक आर्थिक सहयोग (जीईसी) 2026 सम्मेलन को संबोधित किया. उन्होंने कहा, 'अब से 2047 के बीच भारत की अर्थव्यवस्था में लगभग 26 ट्रिलियन डॉलर की वृद्धि होने की अपेक्षा है - यह विकास का ऐसा अवसर है जो इतिहास में अद्वितीय है और दुनिया में कहीं और दोहराया जाना कठिन है.' उन्होंने कहा कि आर्थिक अलगाव का युग अब पीछे छूट चुका है. यही कारण है कि भारत गठबंधन बना रहा है, दूसरे देशों के साथ मित्रता गहरी की जा रही है और व्यापार समझौते किया जा रहे हैं. उन्होंने बताया कि पिछले चार साल में नौ समझौते किये गये हैं और आगे भी यह क्रम जारी रहेगा. वाणिज्य मंत्री ने कहा कि हर व्यापार वार्ता में राष्ट्रीय हित का ध्यान रखा जाता है, किसानों, उद्यमियों, छोटे तथा मझौले उद्यमों, महिलाओं और उद्योगों के लिए सुरक्षित अवसर सुनिश्चित किया जाता है और संवेदनशील क्षेत्रों की रक्षा की जाती है.

# शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ बंद



**मुंबई, 19 फरवरी. सप्ताह के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुआ.**

इस दौरान प्रमुख बेंचमार्क बीएसई सेंसेक्स 1,236.11 अंकों यानी 1.48 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 82,498.14 पर बंद हुआ, तो वहीं एनएसई निफ्टी 365 (1.41 प्रतिशत) अंक गिरकर 25,454.35 पर बंद हुआ. बाजार बंद होने के समय निफ्टी के सभी इंडेक्स लाल रंग में कारोबार करते हुए नजर आए. गुरुवार को घरेलू बाजार अपने पिछले बंद से मामूली बढ़त के साथ खुला. बैंकिंग, मेटल, ऑटो और एफएमसीजी शेयरों में भारी बिकवाली के चलते घरेलू बाजार में तीन दिन से जारी तेजी का सिलसिला टूट गया, और निफ्टी और सेंसेक्स शुरुआती बढ़त खोकर दबाव में आ गए.

आज के कारोबारी सत्र में 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,400 अंक से अधिक गिरकर 82,264.20 के निचले स्तर पर पहुंच गया. वहीं 50 शेयरों वाला निफ्टी 1 प्रतिशत से ज्यादा या 400 अंक गिरकर 25,400 के स्तर से नीचे आ गया.

बाजार में यह बड़ी गिरावट कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, अमेरिका-ईरान के बढ़ते तनाव और बैंकिंग व एफएमसीजी क्षेत्र की बड़ी कंपनियों में मुनाफावसूली के चलते आई.इस दौरान, सेंसेक्स के सभी 30 शेयरों में गिरावट दर्ज की गई. जिनमें इंडिगो, एम एंड एम, अल्ट्राटेक सीमेंट, ट्रेंट, बीईएल, कोटक बैंक, रिलायंस, टेक महिंद्रा और आईटीसी के शेयरों में सबसे अधिक 3.2 प्रतिशत तक की गिरावट देखने को मिली.व्यापक बाजारों में, निफ्टी मिडकैप 100 में 1.59 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स में 1.27 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई.

विभिन्न सेक्टर्स की बात करें, तो निफ्टी रियल्टी, निफ्टी मीडिया और निफ्टी ऑटो सबसे ज्यादा नुकसान झेलने वाले क्षेत्र रहे.

# भारत में पीयर-टू-पीयर ऊर्जा लेनदेन का प्रदर्शन

**आरईसी लिमिटेड, जो ऊर्जा मंत्रालय के अधीन आने वाला महा रत्न केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम है, ने आज भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में भारत के पीयर-टू-पीयर ऊर्जा ट्रेडिंग पायलट प्रोग्राम का पहला लाइव प्रदर्शन प्रस्तुत किया.**

यह डेमो इंडिया एनर्जी स्टैक और एआई-रेडी पावर सेक्टर: ट्रस्ट, इंटरऑपरेबिलिटी और स्केल' नामक रणनीतिक सत्र के दौरान आयोजित किया गया, जो भारत के विकेंद्रीकृत, उपभोक्ता-केंद्रित डिजिटल पावर इकोसिस्टम की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है.

सत्र की मुख्य आकर्षण थी भारत एनर्जी स्टैक के तहत आयोजित पहली पीयर-टू-पीयर विकेंद्रीकृत ऊर्जा लेनदेन का



लाइव प्रदर्शन. मेरठ (उत्तर प्रदेश) के किसान अरुण सिंह ने सुरक्षित, ब्लॉकचेन-समर्थित प्लेटफॉर्म का उपयोग कर दिल्ली में एक वस्त्र दुकान की मालिक लक्ष्मी को अपने अतिरिक्त सौर ऊर्जा के 6 यूनिट सीधे बेचे और 30 रुपये कमाए. यह ऐतिहासिक लेनदेन भारत एनर्जी स्टैक के वास्तविक अनुप्रयोग को दर्शाता है, जो नागरिकों को केवल बिजली ग्रहक के रूप में नहीं बल्कि सक्रिय 'ऊर्जा एजेंट' के रूप में सशक्त बनाता है.

लाइव ऊर्जा ट्रेडिंग डेमो भारत एनर्जी स्टैक का अब तक का सबसे स्पष्ट और ठोस अनुप्रयोग है. इस पायलट के तहत प्रोशूमर—जिनमें घर, व्यवसाय और किसान शामिल हैं जो अक्षय ऊर्जा उत्पन्न करते हैं—सीधे अपनी अतिरिक्त ऊर्जा को अन्य उपभोक्ताओं के साथ डिजिटल प्रोटोकॉल के माध्यम से व्यापार कर सकते हैं, जिससे अधिक सहभागी और विकेंद्रीकृत पावर मार्केट की नींव रखी जा रही है.

> लाइव प्रदर्शन में उपस्थित प्रमुख व्यक्तियों में डॉ. राम सेवक शर्मा, चेयर, इंडिया एनर्जी स्टैक; श्री जितेन्द्र श्रीवास्तव, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, आरईसी लिमिटेड; श्री आशीष कुमार गोयल, अध्यक्ष, ; श्री अलोक कुमार, महानिदेशक, ; श्री रेजी पिल्लई, अध्यक्ष, ; श्री शशांक मिश्रा, संयुक्त सचिव, ऊर्जा मंत्रालय; श्री प्रिंस धवन, कार्यकारी निदेशक, आरईसी; और श्रीमती स्वेता रवी कुमार, कार्यकारी निदेशक ग्लोबल शामिल थे. 18 फरवरी 2026 को माननीय ऊर्जा मंत्री को डेमो प्रस्तुत किया गया.

# विमानों की संख्या दोगुनी करेगी स्पाइसजेट

**कंपनी के बेड़े में 33 विमान परिचालन में हैं**

**रोजाना 300 से अधिक उड़ानों के संचालन का भी लक्ष्य रखा गया है.**



**नयी दिल्ली, 19 फरवरी किफायती विमान सेवा कंपनी स्पाइसजेट ने इस साल अपने बेड़े में परिचालन में मौजूद विमानों की संख्या दोगुना करने का लक्ष्य रखा है.**

एयरलाइन ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि उसने पिछली तिमाही में अपनी क्षमता दोगुनी की है और उपलब्ध सीट किमी 55 करोड़ से बढ़कर 105 करोड़ हो गयी है. इस साल के अंत तक इसे 220 करोड़ करने का लक्ष्य रखा गया है. साथ ही रोजाना 300 से अधिक उड़ानों के संचालन का भी लक्ष्य रखा गया है.

कंपनी के एक अधिकारी ने 'यूनीवार्ता' को बताया कि अभी कंपनी के बेड़े में 33 विमान परिचालन में हैं. इस साल के अंत तक उसकी संख्या भी लगभग दोगुना कर 60 पर पहुंचाने का लक्ष्य है. प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि कंपनी ने अपने बेड़े में 10 और विमानों की शामिल करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया है. कंपनी के निदेशकमंडल की पिछले सप्ताह हुई बैठक में वेट और डैम्प लीज के मिश्रण के माध्यम से बेड़े को चरणबद्ध तरीके से 60 विमानों तक बढ़ाने और मौजूदा समय में ग्राउंडेड विमानों को परिचालन में वापस लाने की योजना को स्वीकृति दी गयी थी.

> उल्लेखनीय है कि इस समय कंपनी के 37 विमान ग्राउंडेड हैं. स्पाइसजेट के मुख्य व्यवसाय अधिकारी देबोजो महर्षि ने कहा, 'पिछली तिमाही में हमारी क्षमता को दोगुना करना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रही है, और इस वर्ष इसे और दोगुने से अधिक करने की हमारी योजना व्यवसाय में बढ़ते विश्वास और नेटवर्क में मजबूत मांग को दर्शाती है. यह एमओयू हमारे संचालन को संतुलित और योजनाबद्ध तरीके से पुनर्निर्माण तथा विस्तार की दिशा में एक उत्साहजनक विकास है.'

# अहमदाबाद रेलवे स्टेशन के प्रतीक्षालय में बेहतर सुविधाएं

**पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद स्टेशन पर आधुनिक वातानुकूलित (ए.सी.) प्रतीक्षालय का संचालन यात्रियों के लिए अत्यंत सुविधाजनक और सकारात्मक अनुभव साबित हो रहा है.**

394 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले इस प्रतीक्षालय का संचालन मेसर्स क्वालिटी कैटरर्स, ईस्ट दिल्ली द्वारा अनुबंध के तहत किया जा रहा है। इसमें प्रतीक्षालय का उन्नयन, स्वच्छता, ,शिक्षित स्टाफ द्वारा संचालन और यात्रियों से उपयोग शुल्क का संग्रह शामिल है। 26 नवंबर 2025 से 18 फरवरी 2026 के बीच 1,00,000 से अधिक यात्रियों ने इस ए.सी. प्रतीक्षालय का लाभ उठाया, जिससे लगभग ?25 लाख की उपयोग शुल्क आय प्राप्त हुई। यह आंकड़ा सुविधा की लोकप्रियता



और उपयोगिता को दर्शाता है।

प्रतीक्षालय में 250 यात्रियों के लिए आरामदायक बैठने की व्यवस्था, पेयजल और रिफ्रेशमेंट स्टॉल, फ्लेवर्ड चाय, कॉफी, सूप, लस्सी, इडली-वड़ा, बिरयानी, समोसा, बर्गर जैसे स्नैक्स, सेल्फ-डिस्पेंसिंग मशीन, ट्रैवल डेस्क, समाचारपत्र, पत्रिकाएँ, पुस्तकें, टॉयलेटरीज और ओटीसी दवाइयाँ उपलब्ध हैं।

पुरुष और महिला यात्रियों के लिए पृथक स्वच्छ शौचालय और स्नानघर हैं, जिसमें गर्म पानी के लिए गीजर भी उपलब्ध है। मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चार्ज करने के लिए पर्याप्त पॉइंट्स हैं। अहमदाबाद मंडल यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और गुणवत्तापूर्ण अनुभव देने के लिए स्टेशन सुविधाओं के सतत उन्नयन में निरंतर प्रयासरत है।

# भारत-अमेरिका बासमती चावल सौदा

## 5000 टन चावल निर्यात समझौता

**नयी दिल्ली, 19 फरवरी भारतीय चावल निर्यातक संघ (आईआईआरईएफ) ने गुरूवार को ऐलान करते हुए कहा कि उसकी एक सदस्य कंपनी ने अमेरिका को 5,000 टन प्रीमियम भारतीय बासमती चावल निर्यात करने का एक व्यावसायिक समझौता किया है.**

यह समझौता भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय कृषि व्यापार को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है .संघ ने यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी देते हुए दावा किया कि यह निर्यात आदेश प्रामाणिक भारतीय बासमती चावल की बढ़ती वैश्विक मांग और भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों में नयी गति को दर्शाता है.

आईआईआरईएफ के अनुसार, यह समझौता भारतीय बासमती चावल की गुणवत्ता, सुगंध और प्रामाणिकता को दर्शाता है और वैश्विक खरीदारों के भारतीय निर्यातकों पर निरंतर विश्वास को प्रकट करता है . गौरतलब है कि भारत वर्तमान में बासमती चावल का दुनिया का सबसे बड़ा निर्यातक बना हुआ है .

विशेष रूप से सुगंधित चावल की किस्मों के प्रति बढ़ती उपभोक्ता पसंद के कारण अमेरिकी बाजार भारत के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण देश के रूप में देखा जाता है. संघ ने यह भी कहा कि वह देश की कृषि-निर्यात अर्थव्यवस्था के विकास में योगदान देने के लिए नीति निर्माताओं और अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के साथ काम जारी रखेगा.


## कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर

**(जनकार्य विभाग)**

ई-मेल: jankarya.vibhag2023@gmail.com, फोन : 7440440233

**निविदा विज्ञप्ति क्र.:** 125/सिविल/25-26/ग्रुप नं-01 से ग्रुप नं-14 तक

**निविदा आमंत्रण**

**दिनांक:** 18.02.2026

केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से (MPUADD Road & Bridge SOR, DATE 08-11-2025/NON SOR/ BUILDING SOR DATE-02-08-2021 पर आधारित) ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| ग्रुप क्र. | टेंडर क्र. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा क्रय करने एवं खोलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD_483123_1 | झोन क्र. 18 वार्ड क्र. 51 के अन्तर्गत कृष्णपुरी कॉलोनी में लालचंद कटारिया जी की गली, चक्की वाली गली एवं बालाजी किराना वाली गली में सिमेन्टीकरण करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 120 दिवस ₹13,42,679/- | ₹2,000/- ₹10,100 | 06-03-2026 6.00 PM 09-03-2026 |
| 02 | 2026_UAD_483125_1 | झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 49 के अन्तर्गत गोयल नगर, महावीर नगर, शक्ति नगर, सांईनाथ कॉलोनी व वंदना नगर एक्सटेंशन में रोड साईड दोनों ओर के उखाड़े हुये पेव्हर ब्लॉक रिफिक्सिंग करना एवं नवीन पेव्हर ब्लॉक लगाना। (द्वितीय आमंत्रण) | 120 दिवस ₹15,55,955/- | ₹2,000/- ₹11,700 | 06-03-2026 6.00 PM 09-03-2026 |
| 03 | 2026_UAD_483127_1 | झोन क्र. 01 वार्ड क्र. 16 के अन्तर्गत नंदबाग एफ सेक्टर की गलियों का सीमेन्ट कांक्रीट करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 180 दिवस ₹23,54,475/- | ₹5,000/- ₹17,700 | 06-03-2026 6.00 PM 09-03-2026 |
| 04 | 2026_UAD_483128_1 | झोन क्र. 20 वार्ड क्र. 05 के अन्तर्गत चैतन्य स्कूल के सामने से टेकचंद धर्मशाला तक क्षतिग्रस्त सड़क का चौड़ीकरण कर सिमेन्टीकरण करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 180 दिवस ₹32,10,408/- | ₹5,000/- ₹24,100 | 06-03-2026 6.00 PM 09-03-2026 |
| 05 | 2026_UAD_483132_1 | झोन क्र 19 वार्ड क्र 53 के अन्तर्गत आजाद नगर, कोहिनूर कॉलोनी में भैरु बाबा मंदिर के पास वाली गली में सीमेन्ट कांक्रीट का कार्य करना। (रोड़ लेवलिंग/रिसर्फेसिंग) (तृतीय आमंत्रण) | 90 दिवस ₹2,69,772/- | ₹2,000/- ₹2,700 | 06-03-2026 6.00 PM 09-03-2026 |
| 06 | 2026_UAD_483133_1 | झोन क्र 06 वार्ड क्र 25 के अन्तर्गत 688/08 से 727/8 एवं 728/8 से 767/8 तक नवीन पेव्हर ब्लॉक लगना। (तृतीय आमंत्रण) | 180 दिवस ₹32,70,703/- | ₹5,000/- ₹24,600 | 06-03-2026 6.00 PM 09-03-2026 |
| 07 | 2026_UAD_483136_1 | झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 74 के अन्तर्गत अमर मेमोरियल स्कूल (पिपल्याराव गाँव) वाली कच्ची रोड का सीमेन्ट कांक्रीट करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 120 दिवस ₹19,01,440/- | ₹2,000/- ₹14,300 | 06-03-2026 6.00 PM 09-03-2026 |
| 08 | 2026_UAD_483137_1 | झोन क्र. 06 वार्ड क्र. 24 के अन्तर्गत जाटव धर्मशाला के आगे एवं जाटव समाज धर्मशाला के पीछे गलियों में सीमेन्ट कांक्रीट करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 180 दिवस ₹41,86,312/- | ₹5,000/- ₹31,400/- | 06-03-2026 6.00 PM 09-03-2026 |
| 09 | 2026_UAD_483138_1 | झोन क्र. 15 वार्ड क्र. 83 के अन्तर्गत स्कीम नं. 71 सेक्टर ए में पॉवर हाउस के समीप स्थित गार्डन के आसपास नवीन आर.सी.सी रोड का निर्माण करना एवं पेव्हर ब्लॉक लगाना। (द्वितीय आमंत्रण) | 180 दिवस ₹33,29,043/- | ₹5,000/- ₹25,000/- | 06-03-2026 6.00 PM 09-03-2026 |
| 10 | 2026_UAD_483139_1 | झोन क्र. 17 वार्ड क्र. 21 के अन्तर्गत किंग्स पार्क एवं गौरी शंकर नगर की क्षतिग्रस्त सीमेन्ट कांक्रीट रोड के स्थान पर नवीन सीमेन्ट कांक्रीट रोड का निर्माण करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 180 दिवस ₹28,53,469/- | ₹5,000/- ₹21,500/- | 06-03-2026 6.00 PM 09-03-2026 |
| 11 | 2026_UAD_483142_1 | झोन क्र. 18 वार्ड क्र. 51 के अन्तर्गत शिव नगर में शिव मंदिर से आलोक नगर हाईटेंशन लाईन वाली सड़क के दोनों ओर पटरी किनारे का पेवरीकरण कार्य करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 120 दिवस ₹13,35,516/- | ₹2,000/- ₹10,100/- | 06-03-2026 6.00 PM 09-03-2026 |
| 12 | 2026_UAD_483144_1 | झोन क्र. 05 वार्ड क्र. 20 के अन्तर्गत सूरज नगर राजपूत धर्मशाला के पीछे की गलियॉ, न्यू सूरज नगर एवं आवश्यकतानुसार कच्ची गलियों का सीमेन्ट कांक्रीट कार्य करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 240 दिवस ₹95,44,843/- | ₹10,000/- ₹71,600/- | 06-03-2026 6.00 PM 09-03-2026 |
| 13 | 2026_UAD_483148_1 | झोन क्र. 22 वार्ड क्र. 31 के अन्तर्गत शीतल नगर ए सेक्टर में ध्वस्त सड़क के स्थान पर मुख्य मार्ग से लेवल मेन्टेन करते हुए सड़क का सिमेन्टीकरण करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 240 दिवस ₹1,09,76,718/- | ₹12,500/- ₹54,900/- | 06-03-2026 6.00 PM 09-03-2026 |
| 14 | 2026_UAD_483394_1 | झोन क्र. 18 वार्ड क्र. 51 में स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 हेतु कॉलोनियों में सीमेन्ट कांक्रीट की क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत/संधारण का कार्य करना। (तृतीय आमंत्रण) | 120 दिवस ₹10,17,296/- | ₹2,000/- ₹7,700/- | 06-03-2026 6.00 PM 09-03-2026 |

**नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।**

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

**कार्यपालन यंत्री (जनकार्य विभाग) नगर पालिक निगम, इन्दौर**



## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

**(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)**

**(CIN-L65110TN2014PLC097792)**

**रजिस्टर्ड ऑफिस : के आरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031**

**फोन : +914445644000, फैक्स: +914445644022**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना**

निम्नलिखित उधारकताओं और सह- उधारकताओं ने **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं. नीचे उल्लिखित उधारकताओं और सह-उधारकताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं. चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशा-निदेशों के अनुसार एनपीए के रूप में वगीकृत किया गया। है. **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी पर संबंधित तिथियों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा.

| स. क्रं. | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 152408284 | संपत्ति के बदले ऋण | 30.01.2026 | 7,69,712.66/- |

**उधारकताओं और सह-उधारकताओं का नाम:** 1. कमल सिंह 2. अंतर बाई

**संपत्ति का पता:** मध्य प्रदेश के शाजापुर तहसील और जिले में स्थित ग्राम बीरगोड, पीएच नं. 75 (नया पीएच नं. 77) में स्थित 01 आवासीय संपत्ति, मकान संख्या 246 (सरल संख्या 1012), क्षेत्रफल 1152 वर्ग फुट या 107.06 वर्ग मीटर, जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में भेरू सिंह का मकान, पश्चिम में अमर सिंह का मकान, उत्तर में सड़क, दक्षिण में सड़क।

| स. क्रं. | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 2 | 127692467&127692578 | होम लोन | 04.02.2026 | 16,81,576.70/- |

**उधारकताओं और सह-उधारकताओं का नाम:** 1. माधुरी सिंह (स्वर्गीय ऋषि प्रताप सिंह की उपलब्ध कानूनी उत्तराधिकारी के रूप में) 2. माधुरी सिंह

**संपत्ति का पता:** प्लॉट संख्या 93 के दक्षिणी भाग का वह पूरा टुकड़ा, जिसका क्षेत्रफल 400 वर्ग फुट (अर्थात 37.17 वर्ग मीटर) है, जो विकसित कॉलोनी "श्रीनाथ गोल्ड", ग्राम धबली, पीएच नं. 70, तहसील सांवेर, जिला इंदौर, मध्य प्रदेश 453771 में स्थित है और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में सड़क, पश्चिम में चारदीवारी, उत्तर में उक्त प्लॉट का शेष भाग और दक्षिण में प्लॉट संख्या 92।

आपको उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए विवरण के अनुसार **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** को संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर तथा अन्य लागत, प्रभार आदि के साथ इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के विरुद्ध एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 (4) तथा धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही आरंभ करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** के रूप में जाना जाता है) इसके अलावा, आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 ( 13 ) के तहत बिक्री / पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है.

**एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी**

**दिनांक : 20.02.2026**
**स्थान : मध्यप्रदेश**

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)**



## TATA POWER RENEWABLE ENERGY

**Communication address: 78, Electronic City Phase-1, Hosur road, Bangalore - 560100,**
**Registered office: Tata Power Corporate office, 34, Sant Tukaram Road, Carnac Bunder, Mumbai-400009**
**CIN: U40108MH2007PLC168314, Tel 91 22 6717 1000**

**NOTICE INVITING VENDORS FOR EMPANELMENT**

**Tata Power Renewable Energy Ltd. (TPREL)** Invites for submission of registrations from interested and eligible Vendors for the following Works required for its Renewable Projects across India.

| S.No. | Solar Project Services | S.No. | Wind Project Services |
|---|---|---|---|
| 1 | MMS Pile Foundation Works | 1 | WTG Foundation Works |
| 2 | Main Control Room Buildings | 2 | Main Control Room Buildings |
| 3 | Equipment Foundation Works (ICR/IDT/BESS) | 3 | Balance of Plant including ROW |
| 4 | Approach, Internal and Peripheral Road Works | 4 | 33kV Transmission line services contracts |
| 5 | Plant Drainage Works | 5 | Transmission Line |
| 6 | Boundary Fencing Works | 6 | Switchyard Works |
| 7 | Switchyard Works | 7 | EPC/Turnkey works for complete wind projects including all approvals but excluding WTG and Land |
| 8 | Transmission Line | | |
| 9 | Earthing Works | | |
| 10 | AC Side Electrical Works | | |
| 11 | DC Side Electrical Works & Earthing works | | |
| 12 | EPC/Turnkey Works for complete Solar package including all approvals but excluding all major supply | | |

Interested bidders for above service works are requested to submit required credentials as per Pre-Qualification (PQ) Criteria set for individual services before **15:00 Hrs. Sunday, 15th March 2026.**

For detailed Notice Inviting Vendors for Empanelment, please visit Tender section on website https://www.tatapower.com For detailed Service-wise PQs and requisite documents to be submitted, please visit Tender section on website, **RFQ Reference no. 4100060940.**

Also, all future corrigendum's if any, to the said Notice will be published on Tender section of above website **(Tata Power > Business Associates > Tender Documents)** only.



## सार्वजनिक सूचना

जनता को सूचित करता है कि **महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (MMFSL)** की 1,583 गाड़ियों (पूरी लिस्ट वेबसाइट लिंक: कस्टमर डिस्क्लोजर महिंद्रा फाइनेंस पर उपलब्ध है) को MMFSL ने पोर्टल (eDIIG) और ऑफलाइन मोड के जरिए नीलाम किया था और अभी वे महिंद्रा फर्स्ट चॉइस व्हील्स लिमिटेड **(MFCWL)** ("गाड़ियां") के अलग-अलग यार्ड में पार्क हैं। इसलिए, MFCWL को देने वाले पार्किंग चार्ज, वापस ली गई/नीलाम की गई गाड़ियों की पार्किंग की तारीख से जमा हो रहे हैं। नीलामी के बावजूद, खरीदार MMFSL से गाड़ियों का कब्जा लेने में नाकाम रहे हैं, इन वजहों से, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं:

- नीलामी के हिसाब से पूरी रकम का पेमेंट न करना
- पार्किंग चार्ज का पेमेंट न करना
- पेमेंट के बाद भी डिलीवरी न लेना
- खरीदार की डेथ या अन्य आकस्मिकताएं

**इसलिए, गाड़ी या उसके किसी हिस्से के टाइटल (मालिक होने) का दावा करने वाले सभी संबंधित खरीदारों से कहा जाता है कि वे इस नोटिस की तारीख से 15 (पंद्रह) दिनों के अंदर अपनी गाड़ी का कब्जा ले लें। इसके लिए वे गाड़ी की नीलामी के लिए पूरी रकम (अगर लागू हो) और पार्किंग चार्ज और उबिूस को देय कोई भी दूसरी रकम का पेमेंट नीचे दिए गए दस्तावेज जमा करके करें:**

- पेमेंट का प्रूफ और जरूरी डॉक्यूमेंट
- सेल्फ-आइडेंटिफिकेशन झल्ब (आधार, पैन, वगैरह)
- MMFSL. द्वारा मांगे गए गाड़ी के टाइटल से जुड़े डॉक्यूमेंट
- MFCWL को पार्किंग चार्ज के पेमेंट की रसीद

ऊपर बताए गए सभी क्लेम और डॉक्यूमेंट यहां बताई गई टाइमलाइन के अंदर उउेंसि को जमा करने होंगे।

अगर तय समय के अंदर ऊपर दिए गए निर्देशों का पालन नहीं किया जाता है, तो **MMFSL** बिना किसी और नोटिस के उन गाड़ियों या उनके किसी हिस्से को फिर से नीलाम करने के अपने अधिकार का इस्तेमाल करेगा और उसके बाद उन लोगों का किसी भी गाड़ी पर कोई अधिकार और/या मालिकाना हक नहीं होगा।

ऐसी दोबारा नीलामी से होने वाली कमाई को पहले यार्ड पार्किंग चार्ज और उबिूस या किसी तीसरे पक्ष को देने वाले दूसरे बकाए के लिए इस्तेमाल किया जाएगा और उसके बाद गाड़ी के संबंध में MFCWL को देने वाले किसी भी बकाया रकम के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। कोई भी सरप्लस रकम डॉक्यूमेंट्री प्रूफ मिलने और उउेंसि या उसके प्रतिनिधियों द्वारा पूरी जांच-पड़ताल के बाद असली मालिक को वापस कर दी जाएगी। किसी भी कमी के मामले में, उसे संबंधित व्यक्ति/व्यक्तियों से वसूला जाएगा।

ऊपर बताए गए तय समय के बाद, किसी भी हालत में कोई भी क्लेम स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी पत्र-व्यवहार **Prafull.Ruke1@mahindrafinance.com** पर करें, विषय: लंबे समय से खड़ी गाड़ी

**महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की ओर से**